## भक्ति और उल्लास के साथ निकली भगवान जगन्नाथ रथयात्रा



**मन्दसौर इन्दौर समाचार।** सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई, संजीत मार्ग, मंदसौर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की पावन रथयात्रा अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे मुन्ने भैया-बहिनों ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा का मनमोहक स्वरूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर में सुसज्जित रथ पर भगवान की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समिति परिवार, आचार्य परिवार एवं विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। वातावरण भगवान जगन्नाथ के जयघोष, भजन-कीर्तन एवं भक्तिमय संगीत से गुंजायमान हो उठा। रथयात्रा के उपरांत विद्यालय परिसर स्थित मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा का विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन किया गया। पूजा सम्पन्न होने के पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया। इस पावन आयोजन ने विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था एवं सनातन परंपराओं के प्रति श्रद्धा और संस्कारों का संदेश प्रदान किया।

## नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने नपा के जल स्त्रोतो का निरीक्षण किया



**मंदसौर इन्दौर समाचार।** आगामी समय में नगर में नागरिकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पेयजल मिले इसके लिये नगर पालिका परिषद निरंतर प्रयत्नशील है। नगरपालिका का जल प्रदाय अमला निरंतर प्रयास कर रहा है कि नपा के जल स्त्रोतों में पानी की उपलब्धता बनी रहे। कल नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने चन्द्रशेखर आजाद जलाशय (मिर्जापुरा बांध) का निरीक्षण किया और शिवना नदी के ऊपरी हिस्से से यहां लाये गये पानी की उपलब्धता को देखा। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर के साथ इस अवसर पर जलकार्य सभापति निलेश जैन, जलकार्य समिति सदस्यगण श्रीमती सुनीता गुजरिया, कमलेश सिसौदिया, श्रीमती सुनीता भावसार, गोवर्धन कुमावत, पार्षद प्रतिनिधि नंदलाल गुजरिया, राकेश भावसार एवं नपा जलप्रदाय शाखा के कर्मचारीगण भी उपस्थित थे। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर को अवगत कराया गया कि शिवना नदी के ऊपरी छोर से आजाद जलाशय की ओर पानी लाया गया है वहां से 6 मोटरे लगाकर पानी रामघाट की ओर भेजा जा रहा है। नगर पालिका का अमला 24 घण्टे प्रथम रहकर जलप्रदाय व्यवस्था के कार्य में लगा है मोटेरे लगाकर पानी को आगे की ओर लिफ्ट किया जा रहा है ताकि जलप्रदाय व्यवस्था के लिये नगर के नागरिकों को पानी मिल सके। यह उल्लेखनीय है कि पर्याप्त वर्षा नहीं होने तथा शिवना नदी के ऊपरी हिस्से में बारिश नही होने के कारण शिवना नदी में पानी की उपलब्धता कम है।

## शासकीय महाविद्यालय दलौदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने ग्राम आधारी ,निरधारी को लिया गोद



**दलौदा (इन्दौर समाचार ई)।** शासकीय महाविद्यालय दलौदा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा समाज सेवा एवं ग्रामीण विकास की भावना को साकार करते हुए ग्राम आधारी उर्फ निरधारी को गोद लिया गया। यह पहल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. एल. आर्य के निर्देशन में की गई।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गोविंद राठौर, सदस्य प्रो. सूरज सिंह राठौर एवं डॉ. रजाक मेवा फ़रोश ने ग्राम आधारी (निरधारी) पहुंचकर ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती यास्मीन जमील खां से भेंट की। इस दौरान गांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों के संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सरपंच श्रीमती यास्मीन जमील खां ने महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम को गोद लेने की पहल का स्वागत करते हुए स्वच्छता अभियान, साक्षरता अभियान, मलेरिया एवं जनस्वास्थ्य जागरूकता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण तथा विशेष शिविर के आयोजन हेतु अपनी सहमति प्रदान की। उन्होंने ग्रामवासियों की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया । महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा समय-समय पर ग्राम में स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, साक्षरता, नशा मुक्ति तथा सामाजिक जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों में जनजागरूकता बढ़ेगी और ग्राम के समग्र विकास में योगदान मिलेगा।

# रक्तदान दायित्व नहीं अनजान जीवन को बचाने का संकल्प है- शुभम पाटीदार

## भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, द्वारा दलौदा कृषि उपज मंडी परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



**मंदसौर इन्दौर समाचार।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा मंदसौर द्वारा दलौदा कृषि उपज मंडी परिसर, दलौदा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराना था, शिविर में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव एवं एसडीएम श्री शुभम पाटीदार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा, 'रक्तदान केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि किसी अनजान जीवन को बचाने का सबसे बड़ा मानवीय संकल्प है। एक यूनिट रक्त कई जिंदगियों में उम्मीद की नई रोशनी भर सकता है।' उनके प्रेरणादायक उद्बोधन से उपस्थित युवाओं में रक्तदान के प्रति उत्साह का संचार हुआ। शविर में 25 युवाओं ने भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर स्वैच्छिक रक्तदान करने का संकल्प लिया, जबकि 21 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक ऑफिसर डॉ. सौरभ शर्मा, ब्लड बैंक काउंसलर रामगोपाल पाटीदार, लैब टेक्नीशियन प्रवीणा मैडम एवं खुशी दुबे मैडम सहित मेडिकल टीम ने रक्त संग्रहण का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से पुरुषोत्तम भट्ट (प्रबंधक), प्रियंका राजोरा (अधीक्षक, वात्सल्य धाम), तनिष्का सिसोदिया कंप्यूटर ऑपरेटर, गोवर्धनलाल राठौर, मुकेश सोनी (कंपाउंडर), कपिल श्रीवास्तव (वाहन चालक) सहित रेड क्रॉस सोसाइटी के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल टीम ने शिविर की समस्त व्यवस्थाओं का सफल संचालन किया। इस अवसर पर विजय मेहता, विकास सुराना, लालाभाई एवं सचिव पर्वत सिंह आंजना सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने शिविर की समस्त व्यवस्थाओं का सफलतापूर्वक संचालन एवं समन्वय करने हेतु सचिव श्री पर्वत सिंह आंजना का विशेष आभार व्यक्त किया।



## हायर सेकेंडरी स्कूल अफजलपुर एवं हाई स्कूल रिण्डा में निशुल्क साइकिल वितरण हुआ

**अफजलपुर (तुलसीराम राठौर)।** मध्य प्रदेश शासन की छात्रहितैषी योजना के अंतर्गत गुर्जर बर्डिया मंडल क्षेत्र के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल अफजलपुर एवं शासकीय हाई स्कूल रिण्डा में छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम मे जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा , जिला उपाध्यक्ष जीवन शर्मा एवं मंडल अध्यक्ष भेरूलाल सेन ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सरकार की यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर अध्ययन करने व अपने माता-पिता एवं शिक्षकों का सम्मान करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया।

## विकासखंड स्तरीय 2 दिवसीय रेडक्रॉस शिविर 20 से



**भानपुरा इन्दौर समाचार।** .आगमी 20 जुलाई से दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय रेडक्रॉस शिविर का आयोजन सांदीपनी विद्यालय भानपुरा में किया जा रहा है। इस हेतु आरंभिक तैयारी व रूपरेखा निर्धारण सभी संकुल, हाई स्कूल प्राचार्य स्काउट रेडक्रॉस प्रभारियों की बैठक का आयोजन विकासखंड शिक्षा कार्यालय में किया गया। नवागत विकासखंड शिक्षा अधिकारी काशीराम गुजरिया ने सभी प्राचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आगमी 20 जुलाई से आरंभ होने जा रहे इस विकासखंड स्तरीय रेडक्रॉस शिविर में सभी हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी विद्यालय के रेडक्रास छात्र छात्राओं के दलो की सहभागिता अनिवार्य रहेगी विकासखंड स्काउट रेडक्रॉस प्रभारी भीमसेन वधवा ने बताया कि इस दो दिवसीय शिविर मेंसाइबर जागरूकता, प्राथमिक उपचार पद्धति, कला कि विभिन्न विधाओं, समाज सेवा, राष्ट्रभक्ति, रेडक्रास सोसाइटी के मानव हित हेतु कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। आभार स्काउट रेडक्रॉस सह प्रभारी रोशन लीलगर द्वारा व्यक्त किया गया।

# आल्टो कार से अवेध मादक पदार्थ अफिम ले जाते आरोपी को पकड़ा




**मंदसौर- इन्दौर समाचार।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा विषेश नशामुक्ति जन जागरुतकता अभियान नशे से दूरी है जरुरी 2.0 के तहत विनोदकुमार मीना पुलिस अधीक्षक मंदसौर के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंदसौर ग्रामीण श्रीमती कीर्ति बघेल के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक हरीश मालवीय के कुशल नेतृत्व में थाना स्टाफ द्वारा मुखबिर सुचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को अवेध मादक पदार्थ (अफिम) का अवेध परिवहन करते रंगे हाथ पकडने में सफलता प्राप्त की। घटना दिनांक 15.07.2026 को अफजलपुर थाना पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर के सुचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्रे कलर की कार में अवेध मादक पदार्थ अफिम लेकर अफजलपुर होकर दलोदा तरफ बाहरी तस्कर को देने जा रहा है प्राप्त सुचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी अफजलपुर द्वारा टीम गठित कर नाकाबंदी करवाई गयी नाकाबंदी के दोरान मुखबिर द्वारा बताये हुलिये की ग्रे कलर की अल्टो कार सीतामऊ तरफ से दलोदा तरफ आना पायी गयी टिम द्वारा बामुश्किल रोका वाहन चालक का नाम पता पुछतेअपना नाम राहुल पिता जगदिश निवासी साखतली का होना बताया वाहन को चेक करते वाहन में अवेध मादक पदार्थ अफिम वजन 02 किलो 051 ग्राम मिला जो आरोपी राहुल का कृत्य धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पाया जाने से मोका कार्यवाही कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। थाना अफजलपुर पर अपराध क्रमांक 115/2026 धारा 8/18,29 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी से मादक पदार्थ के क्रेता व विक्रेता व सप्लायर के संबंध में गहनता से पुछताछ की जा रही है। गिरफ्तार एक आरोपी राहुल पिता जगदिश निवासी साखतली थाना अफजलपुर जिला मदंसौर तथा जप्त मश्रुका अवेध मादक पदार्थ अफिम 02 किलो 051 ग्राम किमती 4 लाख रुपये व एक ग्रे कलर अल्टो कार क्रमांक एमपी 14सीडी 3072 किमती 6 लाख रुपये। सराहनीय कार्य निरीक्षक हरीश मालवीय थाना प्रभारी अफजलपुर व टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप भानपुरा द्वारा एक दंपति एक व्रक्ष अभियान के तहत सादिपनीं विधालय परिसर में किया पोधा रोपण



**भानपुरा( इन्दौर समाचार की)।** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप भानपुरा द्वारा पर्यावरण पखवाड़ा के तहत एक दम्पति एक व्रक्ष अभियान में 16 जुलाई को नव निर्मित शासकीय सादिपनीं विधालय परिसर में पोधा रोपण किया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त कलेक्टर रोहित राणावत, तहसीलदार मुकेश निगम , थाना प्रभारी रमेश चंद दांगी व प्राचार्य सुनील तिवारी थे कार्यक्रम कि अध्यक्षता जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन के राष्ट्रीय चेयरमैन अनिल पुष्पा नाहर ने की इस, अवसर पर एन सी सी अधिकारी भीमसेन वधवा,जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन के राष्ट्रीय मार्गदर्शक सुधीर प्रियंका नवलखा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे ग्रुप अध्यक्ष डा प्रमिला नाहर संरक्षक डा पारस नाहर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया,इस अवसर पर विशेष रुप से 50 एन सी सी केडेट्स बालिका व बालक आकर्षक एन सी सी केडेट्स कि ड्रेस में उपस्थित थे सभी अतिथियों व जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप भानपुरा के सभी पदाधिकारी गणों व सभी दम्पति सदस्यों ने पोधा रोपण किया सभी पोधे छायादार, फलदार वाले लगाए गये परिसर में ग्रुप द्वारा 51 पोधे लगाएं गये पोधे लगवाने में एन सी सी केडेट्स ने विशेष सहयोग दिया मुख्य अतिथि रोहित राणावत, मुकेश निगम व रमेश चंद दांगी ने जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप भानपुरा के इस अभियान कि सराहना कि व सामाजिक क्षेत्र में ग्रुप के द्वारा किए जाने वाले कार्यो कि सराहना कि सादिपनीं विधालय के प्राचार्य सुनील तिवारी ने कहा कि जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप भानपुरा ने हमारे विद्यालय परिसर को इस श्रेष्ठ कार्य के लिए चुना इसके लिए हम आभारी हैं ओर विश्वास दिलाते हे कि परिसर में जो भी पोंधे लगाए उनके संरक्षण का कार्य विधालय परिवार करेगा सभी पोंधे चले इसके लिए संकल्पित है, राष्ट्रीय मार्गदर्शक सुधीर प्रियंका नवलखा ने ग्रुप कि गतिविधियों कि जानकारी दी ग्रुप अध्यक्ष डा प्रमिला नाहर ने ग्रुप द्वारा किए जाने वाले कार्यों में सभी पदाधिकारियों व सदस्यों के सहयोग के लिए आभार माना राष्ट्रीय चेयरमैन अनिल पुष्पा नाहर ने अपने संबोधन में कहा भानपुरा ग्रुप लगातार अपने सामाजिक, धार्मिक पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है ओर यह आगे भी जारी रहेंगे,इस अवसर पर ग्रुप संरक्षक सुभाष भण्डारी ,रजनी भण्डारी,सचिव विशाल चोरड़िया ,कपिला चोरड़िया,पुर्व अध्यक्ष हर्षवर्धन चोरड़िया,पुर्व सचिव श्रीमती अन्जु क़ीमती,पियुष कीमती,अनिल पटवा,विमल नाहर, श्वेता चोरड़िया,दिपीका गांग साथ ही दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य दीपक कोरिया,कोमल सामरिया, महावीर ठाई सहित अनेक शिक्षक गण गणमान्य नागरिक उपस्थित थे , समापन पर आभार अध्यक्ष डा प्रमिला नाहर ने व्यक्त किया।



## म. प्र. जन अभियान परिषद स्थापना दिवस पर पौधारोपण, स्वैच्छिकता शपथ दिलाई

**मंदसौर इन्दौर समाचार।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पर स्वैच्छिकता पर्व विकासखंड मंदसौर के डिगांवमाली सेक्टर अंतर्गत नवांकुर संस्था प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्थान एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रिंडा द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत हाई स्कूल परिसर में जामुन गुलमोहर शिशम के पौधों का वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष जीवन शर्मा, गुर्जर बढ़िया मंडल अध्यक्ष भेरूलाल सेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। श्री सेन ने पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सहभागिता का संदेश देते हुए उपस्थित सभी नागरिकों को स्वैच्छिकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिनेश सोलंकी ने बताया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जन अभियान परिषद स्थापना दिवस पर 4 जुलाई से 12 अगस्त तक प्रस्फुटन ग्रामों में स्वैच्छिकता पर्व मनाया जा रहा है। इस अवधि में सेक्टर में वृक्षारोपण, स्वैच्छिकता एवं नशा मुक्ति शपथ, स्वच्छता अभियान तथा विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री हीरालाल मालवीय,उपाध्यक्ष राजू राठौड़, कोषाध्यक्ष,महेंद्र सिंह सिसोदिया, ग्राम पंचायत सरपंच श्याम दास बैरागी, बिलांत्री के सरपंच पप्पू पाटीदार ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ओम पाटीदार, मुकेश पाटीदार, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम से सुयेश गर्ग, विद्यालय के शिक्षक, सामाजिक सहभागिता और स्वैच्छिक सेवा की भावना को बड़ावा देना रहा।

# सकल दिगम्बर जैन समाज महिला प्रकोष्ठ का प्रथम स्नेह मिलन एवं हरियाली महोत्सव उत्साहपूर्वक सम्पन्न



**मन्दसौर इन्दौर समाचार।** सकल दिगम्बर जैन समाज महिला प्रकोष्ठ, मन्दसौर द्वारा आयोजित प्रथम स्नेह मिलन एवं हरियाली महोत्सव प्रेम गार्डन में हर्षोल्लास, सामाजिक सौहार्द एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मन्दसौर श्री विपिन जैन रहे। मंचासीन अतिथियों में सकल जैन समाज, मन्दसौर के अध्यक्ष श्री लोकेन्द्र जैन, सकल दिगम्बर जैन समाज, मन्दसौर के अध्यक्ष श्री अनिल जैन, श्री णमोकार मंत्र साधना केंद्र, बही पारसनाथ के अध्यक्ष श्री शांतिलाल बड़जात्या, सकल दिगम्बर जैन समाज, मन्दसौर के पूर्व अध्यक्ष श्री अजय बाकलीवाल, पूर्व अध्यक्ष सकल जैन समाज, मन्दसौर श्री विजेन्द्र सेठी, श्री राजकुमार बाकलीवाल तथा समन्वित दिगम्बर जैन समाज, मन्दसौर के अध्यक्ष पंडित अरविंद जैन तथापूर्व महामंत्री नीलू पाटनी उपस्थित रहे। । श्रीमती रीना जैन ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री श्रीमती साक्षी जैन ने स्वागत उद्बोधन देते हुए महिला प्रकोष्ठ की स्थापना के उद्देश्य, अब तक की गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला। महिला प्रकोष्ठ की ओर से महामंत्री श्रीमती साक्षी जैन, मंत्री श्रीमती संगीता गोधा, श्रीमती रंजना जैन, श्रीमती रीना जैन, श्रीमती अंजलि गर्ग एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती किरण जैन सहित समस्त पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों, संरक्षकों एवं परामर्शदाताओं का माला, दुपट्टा एवं हरित पौधा भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। मुख्य अतिथि विधायक श्री विपिन जैन ने पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण एवं प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। वहीं समाज अध्यक्ष श्री लोकेन्द्र जैन एवं श्री अनिल जैन ने महिला प्रकोष्ठ की सक्रियता, संगठन क्षमता एवं अल्प समय में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं की ऊर्जा, एकता एवं सेवा भावना समाज के लिए प्रेरणादायी है। कार्यक्रम में आयोजित सभी प्रतियोगिताओं एवं पुरस्कारों की प्रायोजक श्रीमती सिंपल सेठी रहीं।

इस अवसर पर श्री मनीष सेठी, श्री जयकुमार बड़जात्या, श्री उमेश भड़का, श्री राकेश दोषी, श्री विनोद सिंघल, श्री अरविंद मेहता, श्री मुकेश भूता, श्री संजय कोठारी, श्री अंकित जैन, श्री पंकज अग्रवाल, श्री सुरेश जैन, श्री राजकुमार पाटनी, श्री सुधीर जैन, श्री दीपक भूता, प्रो. अशोक अग्रवाल, श्री महावीर कोटड़िया, श्री संजय गोधा, श्रीमती ज्योति भाचावत, डॉ. कमला जैन, श्रीमती रश्मि सिंघई, श्रीमती ज्योति बड़जात्या, श्रीमती संतोष सेठी, श्रीमती सुनीता जैन, श्री अंगूरबाला जैन, श्रीमती आशा अग्रवाल, श्रीमती मीनाक्षी कागला, श्रीमती मधु गांधी, श्रीमती प्रेमलता कोटड़िया, श्रीमती इंदु पंचोली, श्रीमती आशा दोषी, श्रीमती अर्पणा जैन, श्रीमती ऋतु जैन, श्रीमती बीना जैन, श्रीमती कल्पना जैन, श्रीमती अलका जैन, श्रीमती सरिता अग्रवाल, श्रीमती प्रभादेवी गोदावत, श्रीमती शकुंतला पहाड़िया, श्रीमती रिचा जैन, श्रीमती कल्पना बागरा अर्चना बाकलीवाल नैना बाकलीवाल सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक एवं 300 से अधिक महिलाएँ उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आरती जैन ने किया तथा अंत में श्रीमती अंजलि गर्ग ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं उपस्थित समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।